Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

Year-15 Issue- 28
Ghaziabad, Sunday, 10 December- 2023
10 December to 16 December- 2023
Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mob.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3




Page 5

Page 7


# यूपी बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल जारी, 22 तारीख को पहला पेपर

**टीबीसी न्यूज नेटवर्क**

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की 2024 की बोर्ड परीक्षाएं इस बार 22 फरवरी से एक साथ शुरू होंगी। यूपी बोर्ड ने गुरुवार को बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षाएं 9 मार्च तक संचालित की जाएगी। यूपी बोर्ड की तरफ से परीक्षा को लेकर तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी करते हुए बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि इस बार की बोर्ड परीक्षाएं 12 कार्य दिवसों में आयोजित की जाएगी। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा दोनों पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होकर 11.45 तक संचालित होगी। जबकि दूसरी पाली की बोर्ड परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी।

***10वीं में हिंदी और इंटर में सैन्य विज्ञान के प्रश्नपत्र से शुरू होगी परीक्षा***

10वीं की बोर्ड परीक्षा में पहले दिन यानी 22 फरवरी को पहली पाली में हिंदी और प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में वाणिज्य विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं इंटरमीडिएट में पहली पाली में सैन्य विज्ञान और दूसरी पाली में हिंदी व सामान्य हिंदी विषय की परीक्षा पहले दिन आयोजित होगी। इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ शुरू होने के साथ ही एक साथ समाप्त भी होगी।

***दोनों कक्षाओं में इस विषय की होगी आखिरी परीक्षा***

10वीं की परीक्षा का आखिरी पेपर इलेक्ट्रीशियन, आपदा प्रबंधन, सोलर सिस्टम रिपेयर और प्लम्बर का होगा। जबकि 12वीं की परीक्षा का आखिरी प्रश्नपत्र संस्कृत, कृषि गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी-पंचम-प्रश्नपत्र (कृषि भाग-1 के लिये), कृषि रसायन विज्ञान-दशम प्रश्नपत्र( कृषि भाग-2 के लिये ) होगा।

# टीबी मुक्त भारत के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है: सांसद अनिल अग्रवाल

## खोड़ा में आरएचएएम फाउण्डेशन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में 35 क्षय रोगी गोद लिए

### आरएचएएम (रहम) फाउण्डेशन ने अब तक नोएडा व गाजियाबाद के 2600 से अधिक क्षय रोगियों को गोद लिया है, जिसमें रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेफरोन, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सनरेज और गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल का विशेष सहयोग रहा







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** खोड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान 35 क्षय रोगियों को गोद लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की।

उन्होंने क्षय रोगियों से उनका कुशल क्षेम जाना और नियमित रूप से दवा खाते रहने की बात कही। सांसद ने कहा – पूरी जिम्मेदारी से नियमित रूप से दवा खाएं। पौष्टिक आहार लें, साफ–सफाई का ध्यान रखें और समय पर जांच कराते रहें, टीबी मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य हासिल करने के लिए आप से यही सहयोग अपेक्षित है। 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकेगा जब सब मिलकर सहयोग करेंगे।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने कहा– सभी क्षय रोगी अपने परिजनों की भी जांच कराएं। क्योंकि यह संक्रामक रोग है और सांस के जरिए फैलता है।

दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में बलगम या खून आना, बुखार, रात में सोते समय पसीना आना, वजन कम होना और सीने में दर्द टीबी के लक्षण हो सकते हैं, कोई भी लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच अवश्य कराएं। जल्दी जांच और उपचार के माध्यम से ही टीबी संक्रमण पर काबू पाया जा सकता है।

जिला पीपीएम समन्वयक दीपाली गुप्ता ने बताया – 25 क्षय रोगियों को आरएचएएम संस्था की ओर से गोद लिया गया है। आरएचएम फाउण्डेशन से डाक्टर धीरज भार्गव ने बताया कि उनकी संस्था आरएचएएम (रहम) फाउण्डेशन ने अब तक नोएडा व गाजियाबाद के 2600 से अधिक क्षय रोगियों को गोद लिया है, जिसमें रोटरी क्लब इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेफरोन, दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सनरेज और गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल का विशेष सहयोग रहा है।

कार्यक्रम के दौरान एमओआईसी खोड़ा डा. अलका भारद्वाज, विष्णु शर्मा, टीबीएचवी पंकज सिंह और राकेश कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

# Editorial

## EVM and 'cow urine' politics

These are frustrated and trite allegations. It has been the nature of the opposition to curse EVMs after the election mandate. His allegations have been that chips are used in EVMs, hence they can be 'hacked'. Such arguments have been made as if BJP has infiltrated the EVMs across the country and is overturning the mandate. This is also an insult to our democracy and crores of voters. In December 1998, the 'Representation of the People Act' was amended and the system of voting through EVMs instead of ballot paper was implemented. After that, the most important was the 2004 Lok Sabha elections, in which about 17.5 lakh EVMs were used. Despite the 'Bharat Uday' slogan of the then Prime Minister Atal Bihari Vajpayee, the BJP lost the elections and the Congress emerged as the largest party. Opposition alliance formed under the leadership of Congress – UPA. Till May 2014, it saw two terms in power. During that time voting was conducted through EVMs only. At some places the opposition won, at some places the BJP came to power. Even today, there are BJP-NDA governments in 18 states of the country and Congress, Left Front and allies in 13 states. Recently, Congress has received the mandate in Telangana only through EVMs. Congressman Revanth Reddy has become the new Chief Minister of the state. Before this, Congress had won in Karnataka and Himachal and its governments are working there. In the states where Congress has now been defeated - Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Rajasthan, it had got the mandate through EVMs in 2018. Now apart from Congress leaders, opposition parties like SP, BSP and National Conference have also given frustrated arguments of 'ghosts of BJP' in EVMs. The opposition is not limited to this only, but DMK MP Senthil Kumar has given a statement in the Lok Sabha itself expressing his intention to make the mandate 'North vs South'. He said that BJP wins elections only in the 'cow urine' states of the Hindi belt.Although this statement has been expunged from the record of Lok Sabha proceedings, but who will bear this insult?

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# India poised to be active contributor to evolution of AI: PM Modi



**New Delhi.** Prime Minister Narendra Modi on Friday said India is a vibrant start-up ecosystem with a talented workforce poised to be an active contributor to the evolution of Artificial Intelligence (AI). PM Modi made these remarks in his LinkedIn post on the upcoming Global Partnership on Artificial Intelligence Summit and emphasised that India offers solutions that are scalable, secure, sustainable, and replicable on a global scale.

He, however, added that India's Digital Public Infrastructure (DPI) initiative is a prime example of such pioneering efforts. Highlighting the transformative impact of Artificial Intelligence (AI) across various sectors, the Prime Minister emphasized its positive influence on technology, innovation, healthcare, education, and agriculture.

Modi said, "In the last 9–10 years, India and its citizens have leapfrogged with the help of technology due to the fast-paced penetration of mobiles along with internet connectivity and scalable models for digital inclusion."

Describing India as one of the youngest nations with a vibrant start-up ecosystem and a talented workforce, Modi said it is poised to be an active contributor to the evolution of AI as the world leaps into a not-so-distant future.

Modi said forums such as the Global Partnership on Artificial Intelligence (GPAI), of which India is a co-founder, are crucial. The GPAI brings along 28 member countries and the EU as its members to guide the responsible development and use of AI, he said.

PM Modi also invited technology enthusiasts, innovators, and stakeholders worldwide to join the upcoming Global Partnership on Artificial Intelligence (GPAI) Summit 2023. India is hosting the Annual GPAI Summit from December 12 to 14, 2023, in New Delhi. The event is expected to be inaugurated by Prime Minister on December 12.

The Global Partnership on Artificial Intelligence (GPAI) is a multi-stakeholder initiative that aims to bridge the gap between theory and practice on AI by supporting cutting-edge research and applied activities on AI-related priorities. Launched in June 2020 with 15 members, GPAI's membership has now expanded to 28 member countries and the European Union.

# RBI keeps repo rate unchanged at 6.5 pc, raises FY24 GDP growth forecast to 7 pc




**Mumbai,** As widely expected by markets and policy-watchers, the Reserve Bank of India's (RBI) Monetary Policy Committee (MPC) on Friday decided to keep the policy repo rate unchanged at 6.50%.

With the central bank maintaining the status quo on key lending rates, EMIs for housing, cars, businesses, and other loans would not rise. "After a detailed assessment of the evolving macroeconomic and financial developments and the outlook, the Monetary Policy Committee (MPC) decided unanimously to keep the policy repo rate unchanged at 6.5%. Consequently, the standing deposit facility (SDF) rate remains at 6.25%, and the marginal standing facility (MSF) rate and the bank rate are at 6.75%," said RBI Governor Shaktikanta Das while making the bi-monthly Monetary Policy statement.

The MPC also decided, by a majority of 5 out of 6 members, to remain focused on the withdrawal of accommodation to ensure that inflation progressively aligns with the target while supporting growth. "This policy is entirely in conformity with our pre-policy expectations. In view of the evolving growth-inflation trade-off, the MPC took the right call in holding the rates steady," said Dr Manoranjan Sharma, Chief Economist at Infomerics Ratings.

On the rationale behind the MPC decision, the RBI Governor said that since the last policy, consumer price index (CPI)-based headline inflation has moderated to 4.9% in October from 7.4% in July. Further, moderation was observed in all components of CPI, namely food, fuel, and core (CPI excluding food and fuel). "There has been broad-based easing in core inflation, which is indicative of successful disinflation through monetary policy actions," Das said.

He, however, said the near-term outlook is masked by risks to food inflation, which might lead to an inflation uptick in November and possibly in December this year.

"Against this backdrop, the MPC decided to keep the policy repo rate unchanged at 6.5 per cent but remains highly alert and prepared to undertake appropriate policy actions as warranted.

Monetary policy must continue to be actively disinflationary to ensure fuller transmission and anchoring of inflation expectations. The rate action is, so far, still working its way into the economy. Hence, the MPC decided to remain focused on the withdrawal of accommodation to ensure that inflation progressively aligns with the target while supporting growth," the RBI Governor said.

# Actor Junior Mehmood dies of cancer



**Mumbai.** Famous actor Junior Mehmood passed away on Friday at his residence Khar.

He died at the age of 67 due to stomach cancer. Actor Junior Mehmood was diagnosed with stomach cancer which reached the fourth stage.

He breathed his last at his residence. He was undergoing treatment at Tata Memorial Hospital in Paral. But, he lost this ongoing battle with cancer, said family sources.

Mehmood acted in many popular films including 'Hathi Mere Saathi', 'Karawaan' and 'Mera Naam Joker'. Junior Mehmood's close friend Salam Qazi has confirmed news about his death. He said he was undergoing treatment for the past few days. During the treatment, actor had expressed his desire to meet his old friends, veteran actors Jitendra and Sachin Pilgaonkar.

Sachin and Jitendra had reached the hospital to meet Junior Mehmood, he added. Salam Qazi and Junior Mehmood had a close friendship for the last 15 years. Mehmood was earlier being treated at his home.

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पहुंची ग्राम समयपूर, चित्तौड़ व नाहल में

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम समयपूर में बलराम सिंह, ग्राम चित्तौड़ व ग्राम नाहल में जितेंद्र चित्तौड़ मुख्य अतिथियों की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान व किसान फजरू ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी। जिसमें किसान कमल कुमार व किसान नरेंद्र कुमार ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ - 'दिलहै हिन्दुस्तानी, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जलवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।






## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

# शिक्षा के माध्यम से ही समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता हैं: राकेश कुमार सिंह

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पां अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह और नाजिर प्रमोद कुमार ने बाबा साहेब के वन पर प्रकाश डाला।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमें बाबा साहेब के वन से शिक्षा लेनी चाहिए कि दृढ़ संकल्प से विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने शिक्षित होकर ही समाज में फैली अनेक कुरीतियों को समाप्त करने का कार्य किया है। शिक्षा के माध्यम से ही जात—पात, ऊंच—नीच के भेदभाव की कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता हैं। इसलिए सभी को शिक्षित बनना चाहिए और जो सामर्थ्य हैं उन्हें धन के अभाव में शिक्षा न ग्रहण करने वालों को शिक्षित कराना चाहिए। शिक्षा से ही समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने बहुत ही कठिन परिस्थियों में शिक्षा ग्रहण की हैं। उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने में उनके पिता एवं उनके सहयोगियों का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बाबा साहेब ने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद उसका सदुपयोग किया जिसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। कार्यक्रम मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह, एसीपी पुलिस प्रशासन, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






# मेवाड़ में 'गांव के राष्ट्रशिल्पी' पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार नीलम गुप्ता की नवीनतम प्रकाशित पुस्तक 'गांव के राष्ट्रशिल्पी' के लोकार्पण समारोह में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि आज हम जिस आत्मनिर्भर भारत की बात कर रहे हैं वह आत्मनिर्भर भारत गांवों से ही निर्मित हो सकेगा। निर्माण की इस प्रक्रिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्रामशिल्पी कार्यक्रम और ग्रामशिल्पी भूमिका दोनों पुस्तक ने उसके केन्द्र में ला खड़े किये हैं। लोकार्पण समारोह वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने कहा कि अब गांव भी शहरों जैसे सम्पन्न हो चुके हैं। सड़कों का जाल गांवों तक फैल चुका है। अब गांव विकास की नई राह पर हैं। ऐसे में ग्रामशिल्पी का स्वप्न साकार होता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बदलते युग ने गांवों की परिभाषा भी बदली है। वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि अपनी तमाम सीमाओं के बावजूद ग्रामशिल्पी एक हद तक लोकशक्ति को जगाने में कामयाब रहे। इससे पता चलता है कि सौ साल बाद भी गांधी की आत्मा गुजरात विद्यापीठ में जीवंत है और वहां आने वालों को प्रभावित करती है। नीलम गुप्ता की पुस्तक में इस बात का बखूबी उल्लेख किया गया है। ग्रामशिल्पी राधा कृष्ण ने आगरा जिले के एक गांव में ग्रामशिल्प के किये जा रहे अपने सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया और नौजवानों को गांवों में श्रमदान करने की बात पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामशिल्पियों पर पुस्तक लाने पर नीलम गुप्ता का आभार भी व्यक्त किया। विशिष्ट वक्ता मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी और मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में ग्रामीण युवाओं व युवतियों के लिए किये जा रहे रोजगारपरक एवं शिक्षाप्रद कार्यों को ग्रामशिल्प का अनूठा उदाहरण बताया। साथ ही गांवों से शहरी नौजवानों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि नौजवानों को साथ लेकर गांवों में विकास कार्यक्रम चलाने की आज महती आवश्यकता है। गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलनायक प्रोफेसर राजेन्द्र खिमाणी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पढ़े-लिखे युवा गांवों में जाएं और ग्रामशिल्पी बनें।

अपने जीवन को सादगीपूर्ण ढंग से जिएं। गुजरात विद्यापीठ द्वारा संचालित ग्राम बंधु कार्यक्रम से भी नौजवान जुड़ें। उन्होंने नीलम गुप्ता की पुस्तक में ग्रामशिल्पियों के मुद्दे उठाने की सराहना की। नीलम गुप्ता ने पुस्तक लोकार्पण से पूर्व अपनी पुस्तक के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने बताया कि पुस्तक में महात्मा गांधी के गुजरात विद्यापीठ के दृढ़ संकल्पी कार्यों का विस्तृत और सूक्ष्म आकलन किया गया है। इसमें बताया गया है कि कैसे नौजवान लोकशक्ति को जगाकर गांवों को आत्मनिर्भरता एवं स्वराज की ओर ले जा सकते हैं। समारोह में पत्रकार मनोज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी की धर्मपत्नी उषा जोशी, बजाज साहब समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन की कमान अमित पाराशर ने संभाली।

# नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नागरिक सुरक्षा के 61 वें स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय पर जिलाधिकारी आर के सिंह ने नागरिक सुरक्षा के ध्वज को फहराया तथा इस मौके पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नागरिक सुरक्षा के लिए संदेश को पढ़कर सुनाया। इस मौके पर कार्यालय में आयोजित बाबा साहिब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प अर्पित किए। साथ ही रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन फीता काट कर किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी सिंह ने नागरिक सुरक्षा की सराहना करते हुए कहा कि संगठन के सभी वार्डन हर मौके पर सराहनीय कार्य करते हैं, चाहें वह सड़क सुरक्षा सप्ताह हो या मतदाताओं को जागरूक करना हो। इस मौके पर एडीएम गम्भीर सिंह ने महानिदेशक सिविल डिफेंस गृहमंत्रालय का संदेश पढ़ कर सुनाया तथा उत्तर प्रदेश के सिविल डिफेंस के निदेशक मुकुल गोयल का संदेश सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने पढ़ कर सुनाया। विभाग के उपनियंत्रक अशोक गौतम एवं सहायक उपनियंत्रक बनवारी लाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी का स्वागत किया। एमएमजी अस्पताल की टीम ने डॉ संदीप पवांर के निर्देशन में रक्त संग्रह किया। इस मौके पर डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल,रक्त दान शिविर के प्रभारी डिविजनल वार्डन आर नीरज भटनागर, डिविजनल वार्डन राजेन्द्र शर्मा, डिप्टी डिविजनल वार्डन सुजीत प्रसाद, श्रीमती विमलेश (प्रभारी एडीसी) ए के जैन, पंकज बंसल, मुकेश शर्मा, शशि कांत भारद्वाज, सुनील गर्ग, सुधीर कुमार, अमित श्रीवास्तव, राकेश गुसाई, रेखा अग्रवाल, मंजू गर्ग, हर्ष वर्मा, वीके शर्मा,संजय खन्ना, रमाकांत यादव,अंकित त्यागी, प्रशांत पाल,डॉ विनोद वर्मा, सुशांत, पल्लवी सहित सैकड़ों वार्डन उपस्थित रहे।



## शादी में गया था परिवार, चोरों ने बाइक, गहने-नकदी चुराई

**साहिबाबाद।** गरिमा गार्डन में बुधवार रात चोरों ने मेडिकल सामान के डिस्ट्रीब्यूटर अनिल कुमार के घर का ताला काटकर बाइक, गहने और नकदी चोरी कर ली। वह पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदार के बेटे की शादी में मुरादाबाद गए थे। पुलिस एक संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ कर रही है। अनिल ने बताया कि चोरों ने मेन गेट का ताला काटकर लकड़ी की अलमारी तोड़कर 22 हजार रुपये, मंदिर से गणेश जी की चांदी की मूर्ति, पीतल के भगवान की मूर्ति, बाल्टी, तसला, लहंगा-चुन्नी, कपड़े, गले का सेट, झुमके, चेन, अंगूठी के अलावा दो पहिया बाइक चोरी कर ली। चोरों ने चार फीट की ऊंचाई से बाइक चोरी की थी। वह 5 दिसंबर की सुबह मुरादाबाद में साढू के बेटे की शादी में गए थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आहूत

# अभियान चलाकर अवैध वाटर प्लॉटों को बंद करने की कार्यवाही की जाए: डीएम

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आहूत की गयी। बैठक में पोर्टल पर एम०एस०एम०ई० श्रेणी के अर्न्तगत 08 कूप पंजीकरण आवेदनों पर विचार किया गया, जिनमें से 06 आवेदन स्वीकृत एवं 02 आवेदनों पर अस्वीकृत की कार्यवाही की गई एवं राज्य प्राधिकरण से संस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र नवीनीकरण हेतु प्राप्त 26 आवेदन इस निर्देश के साथ प्राप्त हुए हैं कि फर्म को पूर्व निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्रों में दी गई शर्तों का शत-प्रतिशत अनुपालन कर लिया गया हो। मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में पारित




आदेश के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गए कि जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों में बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से भूजल दोहन कर रहे फर्म/ संस्थाओं के विरूद्ध सर्वेक्षण कर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाए एवं गाजियाबाद में अवैध रूप से भूजल दोहन करने के कारण 51 बारातघर/फार्म-हाउस/बैंकट हॉल पर दो-दो लाख का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि भूजल के गिरते स्तर को रोकने लिए अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली, समस्त शिकायतों पर नोटिस जारी कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए, साथ ही संदिग्ध वाटर प्लॉटों की जांच की जाए। वाटर वेस्ट यूनिट वालों के साथ वार्ता की जाए। बोरवोल/वाटर प्लॉट पंजीकरण ना करने वालों से वार्ता करें तत्पश्चात नोटिस भेजे जाए। यदि उसके बाद भी पंजीकरण नहीं कराया जाता हैं तो नियमानुसार जुमार्ना लगाते हुए दण्डात्मक कार्य करते हुए सील करें। जहां रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग हो उसकी जांच की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर अवैध वाटर प्लॉटों को बंद करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, गाजियाबाद/ नोडल अधिकारी, ग्रा०वा०पोर्टल, श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गाजियाबाद, जाफर अली, अवर अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्धनगर, संतोष कुमार, सहायक अभियन्ता पर्यावरण, उ०प्र०प्र०नि०बो०, गाजियाबाद, शशांक गुप्ता, डिप्टी रेंजर, वन विभाग, कु० निधि सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, गाजियाबाद, रामदत्त, सहायक अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, गाजियाबाद, ओम प्रकाश, सहायक अभियन्ता, नगर निगम जल कल, मनोज कुमार, अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद लोनी, संजय कुमार, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, प्रधान सहायक एवं आकाश वशिष्ठ, विषय विशेषज्ञ, नामित सदस्य द्वारा प्रतिभाग लिया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़े का आयोजन




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि जनपद गाजियाबाद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा का आयोजन महिला थाना लोहिया नगर में किया गया ।उक्त कार्यक्रम में गुरु नानक इंटर कॉलेज विद्यालय की कक्षा 9 एवं कक्षा 10 की बालिकाओ में से एक बालिका को 1 घंटे के लिए सांकेतिक महिला थाना प्रभारी बनाया गया। इन बालिकाओं को महिला थाने की कार्य पद्धति को समझाने तथा बालिकाओ को आत्म विश्वास में वृद्धि हेतु भ्रमण कराया गया। महिला थाने में एडीसीपी क्राइम द्वारा बालिकाओं की निरंतर शिक्षा के प्रति ज्ञानवर्धन सकारात्मक प्रेरणा देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही बालिकाओं को एएचटीयू थाना प्रभारी महिला थाना प्रभारी, परिवार परामर्श केंद्र में बालिकाओं को ले जाया गया और वहां की कार्य पद्धति को समझाया गया। महिला थाने मैं तैनात सब इंस्पेक्टर दवारा 1 घंटे के लिए बालिका को महिला थाना प्रभारी बनाया गया और थाने में आई शिकायत जैसे घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ इत्यादि के प्रकरणों को बालिका द्वारा सुना गया और बालिका द्वारा ही उक्त प्रकरण में उचित कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देश दिए गए।

उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी द्वारा बालिकाओं को समस्त विभागीय योजनाओं और अधिक से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत फॉर्म को ऑनलाइन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पिंक बूथ एवं एएचटीयू थाना प्रभारी दवारा बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स हेल्प लाइन नंबर 181,112,102,108, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 तथा महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 आदि महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नम्बर के बारे में जानकारी दी गयी।

# जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं, मौके पर अनेक समस्याओं का किया निराकरण



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जिलाधिकारी ने प्रतिदिन की तरह जनसमस्याओं को सुना, जिसमें राजस्व विभाग, नगर निगम, बैंक, जीडीए सहित अन्य विभागों से सम्बंधित समस्याओं को लेकर प्रार्थियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिए। जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने जिलाधिकारी से लोन माफी की गुहार लगाई, महिला द्वारा अवगत कराया गया कि उसके पति द्वारा 5 लाख का लोन लिया गया था और कोरोना काल में उनकी मृत्यु हो गयी थी, अब घर में कोई कमाने वाला नहीं है। जिलाधिकारी ने एलडीएम को दूरभाष से सम्पर्क कर निर्देशित किया कि उक्त महिला की जिस प्रकार मद्द हो सकती है, मद्द की जाए। वहीं जीडीए के सम्बंध में कुछ लोगों द्वारा शिकायत की गयी कि विजयनगर क्षेत्र में जीडीए की जमीन पर बिल्डर द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने जीडीए के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माणधीन को ध्वस्तीकरण के आदेश दिये। साथ ही अवैध कब्जा करने व कराने वालों को सख्त कार्यवाही की जाए। कुछ लोगों द्वारा बन्दूक के लायसेंस के निवेदन दिये गये। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव से पूर्व बन्दूक के लायसेंस नहीं बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही अनेक लोगों द्वारा शिकायती पत्र दिए गए।

# नगर निगम में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बुधवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 67वे महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में उनका 67वा महापरिनिर्वाण दिवस बड़ी सदभावना के साथ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाया गया। बाबा साहब के 67 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बाबा साहब के चरित्र के बारे में प्रकाश डालते हुए नगर निगम सभागार में उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को उनके द्वारा बनाए गए/ निर्मित किए गए संविधान के बारे में भी अवगत कराया गया तथा भारतवर्ष के संविधान को पढ़कर अपने अधिकारों के बारे में ज्ञान प्राप्त करने हेतु अपेक्षा की गई।

इसी कड़ी में नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्वारा भी बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी के बारे में सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को



संक्षिप्त में अवगत कराया गया तथा उनके माध्यम से भारतवर्ष को उपलब्ध संविधान के बारे में भी चर्चा की गई।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के 67 वे महापरि निर्माण दिवस के अवसर पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम के सभागार में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि त्रिपाठी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार के अतिरिक्त अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मोदी जी की गारंटी पर लगी जनता के विश्वास की गारंटी: नरेन्द्र कश्यप

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना 'मोदी की गारंटी' पर 'जनता के विश्वास की गारंटी' है। इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

वीरभूमि राजस्थान में भाजपा की भारी मतों से विजय की समस्त कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं सम्मानित राजस्थान वासियों का अभिनंदन। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक-कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वाले सभी राजस्थान वासियों को पुनः शुभकामनाएं। मध्य प्रदेश में विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के प्रति अटूट



जन-विश्वास की मुहर है। डबल इंजन सरकार के सुशासन, सुरक्षा और विकास को समर्पित इस जीत की सभी प्रतिबद्ध कार्यकताओं एवं सम्मानित प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय की सभी समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सेवा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय को समर्पित इस विजय के लिए छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन। तेलंगाना में भाजपा के प्रदर्शन को समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद को अपना समर्थन देने वाले ऊजार्वान तेलंगाना वासियों का अभिनंदन एवं कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन का बीएसए कार्यालय पर आरटीई के बच्चों के लिए अनोखा प्रदर्शन

## गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के साथ साधु संतों ने भी लगाई आरटीई के दाखिलों की गुहार





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा आरटीई के बच्चों के दाखिलों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यलय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन का कारण था चार चरणों की लॉटरी के माध्यम से चयनित हुये 5842 बच्चों में से 9 महीने बीत जाने के बाद भी बाकी बचे 2500 से ज्यादा बच्चों का निजी स्कूलों द्वारा दाखिला नही लिये जाने पर शिक्षा अधिकारियों और जिला प्रशासन द्वारा ढुल मूल रवैया अख्तियार करना गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि हम पिछले 9 महीने से आरटीई के अंतर्गत चयनित गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार दिलाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे है जिसके परिणाम स्वरूप हम उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 3310 बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में करा प्रथम स्थान पर है लेकिन हम चाहते है कि जिले में आरटीई के शत प्रतिशत दाखिले सुनिश्चित कराये जा सके जिससे कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे जिसके लिये शासन, प्रशासन और शिक्षाधिकारियों का रुख सकारात्मक होना बहुत महत्त्वपूर्ण है अगर जिले के अधिकारी ये सोच रहे है कि दाखिला नही लेने वाले स्कूलो पर कार्यवाई के लिए नोटिस और चेतावनी देने से काम चल जायेगा तो ये केवल कार्यवाई के नाम पर औपचारिकता नजर आती है अब समय आ गया है कि सही तथ्यों के साथ दाखिला नही लेने वाले स्कूलो की मान्यता रद्द कर पूरे प्रदेश में सन्देश दिया जाये कि आरटीई के दाखिले नही लेने वाले स्कूलो को किसी भी दशा में बख्शा नही जायेगा जिससे कि कोई भी निजी स्कूल आने वाले समय मे किसी भी आरटीई के बच्चे की शिक्षा के अधिकार के साथ खिलवाड़ करने की हिमाकत नही कर पाएं। इस मौके पर अनिल सिंह, धर्मेंद्र यादव, नरेश कुमार, कौशल ठाकुर, राजू सैफी, पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, राहुल कुमार, ओमपाल सिंह, पवन पाल, आरती कुमारी, नवीन राठौर, विवेक आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद-गाजियाबाद के समस्त शहीद / भूतपूर्व आश्रितों व समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, गाजियाबाद व मेजर जनरल ए० जे०बी० जैनी, अध्यक्ष जिला सैनिक बन्धु बैठक द्वारा गुरूवार को जिलाधिकारी कार्यालय में राकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी, गाजियाबाद को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के शुभ अवसर पर प्रतीक चिन्ह लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का शुभारम्भ किया गया और जिलाधिकारी द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस-2023 पुस्तिका का विमोचन भी किया। उसके पश्चात जिलाधिकारी, गाजियाबाद द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आर्थिक दान दिया।

उसके बाद जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (ई), अपर जिलाधिकारी (एल.ए.). अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद व जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद को प्रतीक चिन्ह लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर कार्यालय के पवन कुमार, प्रभारी वरिष्ठ लिपिक, जगदीश प्रसाद, कनिष्ठ सहायक, विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक, श्रीमती सविता देवी, कनिष्ठ सहायक, पवन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा कुछ भूतपर्व सैनिक मौजूद रहें।

# गाजियाबाद से ग्रेनो वेस्ट होते हुए नोएडा एयरपोर्ट पहुंचेगी रैपिड रेल



### फाइनल हुए रूट पर प्रस्तावित स्टेशन

- गाजियाबाद आरआरटीएस
- गाजियाबाद साउथ
- ग्रेटर नोएडा वेस्ट (सेक्टर-4)
- ग्रेटर नोएडा (सेक्टर-2
- नॉलेज पार्क- 5
- सूरजपुर
- परी चौक
- इकोटेक-6
- दनकौर
- यीडा नॉर्थ (सेक्टर-18)
- यीडा सेंट्रल (सेक्टर-21, 35)
- जेवर एयरपोर्ट

**टीबीसी संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर को रैपिड रेल से जोड़ने का रूट फाइनल हो गया है। गाजियाबाद आरआरटीसी से ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए एयरपोर्ट तक की फिजिबिलिटी रिपोर्ट शासन से पास हो गई है। अब डीपीआर तैयार कराई जाएगी। 72 किमी लंबे इस रूट पर कुल 11 स्टेशन होंगे। परियोजना के पूरा होने का लक्ष्य 2031 रखा गया है, जिसे दो चरणों में पूरा किया जाना है। सोमवार को प्रदेश के मुख्य सचिव डीएस मिश्र ने एनसीआरटीसी, रेलवे, नागरिक उड्डयन व प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की थी। इस दौरान फिजिबिलिटी रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। दरअसल जेवर एयरपोर्ट तक दिल्ली एनसीआर के शहरों से आसानी से पहुंचा जा सके,इस दिशा में सरकार काम कर रही है। सड़क मार्ग के अलावा अन्य विकल्प भी तलाशें जा रहे हैं। शासन के दिशा निर्देश पर यमुना प्राधिकरण ने एनसीआरटीसी (नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन) से रैपिड रेल की फिजबिलिटी रिपोर्ट बनवाई थी। एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद के दुहाई से जेवर एयरपोर्ट तक की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की थी। इस पर असहमति जताते हुए प्राधिकरण ने दिल्ली से नोएडा ग्रेटर नोएडा होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक रूट की रिपोर्ट भी मांगी थी।

एनसीआरटीसी द्वारा गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक बनाई गई फिजिबिलिटी रिपोर्ट शासन से पास हो गई है। एनसीआरटीसी ने सवारी के हिसाब से गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट वाले रूट को बेहतर बताया था। गाजियाबाद आरआरटीसी से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक चलने वाली रैपिड रेल का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य 2031 रखा गया है। इसके प्रथम चरण का काम गाजियाबाद से कासना तक किया जाएगा। इसके निर्माण पर 9798 करोड़ रुपये व द्वितीय चरण में कासना से एयरपोर्ट तक के निर्माण पर 6391 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20, राज्य सरकार की 50 व नायल की 30 फीसदी होगी। फिजिबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक इस रूट पर 2031 में राइडरशिप 2 लाख 67 हजार 670 होगी। इस परियोजना के मूर्तरूप लेने से जहां जेवर एयरपोर्ट पहुंचना सुगम व सुरक्षित हो जाएगा,वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को बड़ी सौगात मिल जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी लंबे समय से सार्वजनिक परिवहन की कमी से जूझ रहे हैं।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन गाज़ियाबाद में आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने बैठक के प्रारंभ में राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त समीक्षा बिंदुओं पर जनपद गाज़ियाबाद की स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त संबंधित को रिपोर्ट तैयार करने को कहा। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियो की मासिक समीक्षा बैठक के अंतर्गत महोदय द्वारा नवंबर माह में परियोजना से प्राप्त हुए समस्त पत्रावली और उसके अनुपालन की आख्या चाही गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ पी यादव जी ने मुख्य विकास अधिकारी महोदय को बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओ के अनुपालन की प्रदेश स्तर पर जनपद की स्थिति से अवगत कराया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नवंबर माह की छात्र उपस्थिति में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ राकेश कुमार जी को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड प्राप्ति, खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद जी की निपुण योजनाओं को राज्य से प्रशस्ति प्राप्त करने पर प्रशस्ति प्रदान की गई तथा रूबी शर्मा प्रधानाध्यापक प्रा वि गढ़ी कटिया के मिशन शक्ति कार्यक्रम बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति प्रदान की गई।

जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन टिंकू कंसल ने खाद्यान्न से संबंधित शासनादेश में हुए परिवर्तनों से अवगत कराया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण अरविंद शर्मा द्वारा नेट परीक्षा, माता समूह के ओरियंटेशन और निपुण भारत कार्य योजना के बारे में अवगत कराया। जिला समन्वयक एमआईएस रुचि त्यागी ने जनपद के संपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु डाटा प्रस्तुतीकरण के बारे में अवगत कराया।

# बेहद खतरनाक हो सकता है प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन



***कोल्ड ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिसके कारण प्रेग्नेंसी में इसका सेवन करना बेहद खतरनाक हो सकता है। प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से महिला को शुगर की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, इससे महिला को गर्भपात भी हो सकता है।***

प्रेग्नेंसी एक ऐसी अवस्था है, जब महिला को अपना आवश्यकता से अधिक ध्यान रखना पड़ता है। ऐसा कहा जाता है कि गर्भावस्था में महिला को दो लोगों के लिए खाना चाहिए। हालांकि, इस दौरान तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स होना स्वाभाविक है। प्रेग्नेंसी में अक्सर महिलाओं को कई अजीब तरह की क्रेविंग होती है। कुछ महिलाएं प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करती हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि प्रेग्नेंसी में सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन कई मायनों में हानिकारक हो सकता है। जानिए इस लेख में-

## दिमागी विकास के लिए हानिकारक

गर्भ में बच्चे का सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं होता है, बल्कि यह मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचा सकता है। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि प्रेग्नेंसी में सोडा का सेवन करने से बच्चे के मानसिक विकास पर असर हो सकता है। ऐसे बच्चों का सही तरह से मानसिक विकास नहीं हो पाता है।

## होता है कैफीन अधिक

गर्भावस्था में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन मुख्य रूप से इसलिए नुकसानदायक माना गया है, क्योंकि इसमें कैफीन की काफी अधिक मात्रा होती है।

कैफीन का अधिक सेवन कई मायनों में सेहत के लिए लाभदायक है। इतना ही नहीं, इससे महिलाओं को गर्भावस्था में अनिद्रा की समस्या भी पैदा कर सकता है। यह शरीर में पानी की कमी की वजह भी बन सकता है।




## बढ़ जाता है शुगर काउंट

कोल्ड ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जिसके कारण प्रेग्नेंसी में इसका सेवन करना बेहद खतरनाक हो सकता है। प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से महिला को शुगर की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, इससे महिला को गर्भपात भी हो सकता है।

## हड्डियों को हो सकता है नुकसान

प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन इसलिए भी हानिकारक माना जाता है, क्योंकि इससे महिला की हड्डियों को नुकसान हो सकता है। दरअसल, कोल्ड ड्रिंक्स में फास्फोरिक एसिड पाया जाता है जो हड्डियों के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे जन्म लेने वाले बच्चे की हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं।

## नहीं होते पोषक तत्व

कोल्ड ड्रिंक्स में किसी भी तरह के पोषक तत्व नहीं होते हैं, इसलिए गर्भावस्था में इसके सेवन से आपको किसी तरह का लाभ नहीं होता है। बेहतर होगा कि आप प्रेग्नेंसी में कोल्ड ड्रिंक्स के स्थान पर नारियल पानी, फलों के रस व नींबू पानी आदि का सेवन करें।

# फ्रिज में रखी है बची हुई दही तो ऐसे करें उसे इस्तेमाल

**मिताली जैन**

दही के बिना अधिकतर लोगों की खाने की थाली पूरी ही नहीं होती है। अमूमन लोग घर में दही जमाते हैं और उसे खाते हैं। लेकिन कई बार दही बच जाती है और फिर हमें यह समझ में नहीं आता है कि उस बची हुई दही का क्या किया जाए। अधिकतर लोग उस बची हुई दही से कढ़ी बनाना पसंद करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार दही से कढ़ी बनाकर ही खाया जाए। अगर आप चाहें तो उ सा



दही को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। जानिए इस लेख में-

## बनाएं स्मूदी

दही को आप अपने खाने के साथ तो खा ही सकते हैं, साथ ही साथ इससे कई तरह की ड्रिंक्स भी बनाई जा सकती हैं। मसलन, आप इससे स्मूदी बना सकते हैं। आप स्मूदी बनाने के लिए बेरीज, आम या केले जैसे कई अलग-अलग फल मिलाकर बेहद टेस्टी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

## बनाएं सलाद ड्रेसिंग

अगर आपके फ्रिज में बची हुई दही है तो उसे बतौर सलाद ड्रेसिंग भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आपकी दही का टेस्ट कई गुना बढ़ जाता है। आप दही को जैतून के तेल, नींबू के रस, हर्ब्स और मसालों के साथ फेंटकर एक क्रीमी और टेस्टी सलाद ड्रेसिंग बनाएं। आप इस ड्रेसिंग का उपयोग हरी सलाद, पास्ता सलाद, या सब्जियों के लिए डिप के रूप में कर सकते हैं।

## तैयार करें ग्रेवी

अमूमन हम दही का इस्तेमाल कढ़ी के रूप में करते हैं। इसके अलावा, अन्य कई इंडियन ग्रेवी में दही का इस्तेमाल एक बेस के रूप में किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो बचे हुए दही का उपयोग करके क्लासिक साउथ इंडियन दही चावल भी तैयार कर सकती हैं। दही चावल बनाने के लिए, पके हुए चावल के साथ बचे हुए दही को मिलाएं, और इसमें सरसों के बीज, करी पत्ते और लाल या हरी मिर्च का तड़का लगाएं।

## बेकिंग में करें इस्तेमाल

बची हुई दही का इस्तेमाल बेकिंग में भी किया जा सकता है। अगर आप बेकिंग कर रही हैं तो ऐसे में आप छाछ या खट्टी क्रीम के विकल्प के रूप में दही का उपयोग कर सकते हैं। बची हुई दही केक, मफिन और पैनकेक आदि में काम में आ सकती है।

# मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल, डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मिलेगी मदद



**मिताली जैन**

मुल्तानी मिट्टी को अक्सर महिलाएं अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करती हैं। लेकिन यह आपके बालों के लिए भी उतना ही लाभदायी है। दरअसल, इसमें अब्जॉर्बेंट प्रॉपर्टीज होती हैं, जिसके कारण यह आपकी स्कैल्प से अतिरिक्त ऑयल को अब्जॉर्ब करने में मददगार है। इतना ही नहीं, यह आपके स्कैल्प को भी कंडीशन करती है। इसमें कई तरह के खनिज पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को लाभ पहुंचाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल बालों में करने के कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं-

## बालों को करता है कंडीशन

मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं।

## डैमेज हेयर को करे रिपेयर

अक्सर लोग एक्सपेरिमेंट करने के चक्कर में अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट करवाते हैं। लेकिन केमिकल्स के कारण बाल बहुत अधिक डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा है। यह आपके बाल शाफ्ट को पोषण और मजबूत करने में मदद करता है। जिससे आपके बाल चिकने और मुलायम बनते हैं। साथ ही, केमिकल ट्रीटमेंट से डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

## स्कैल्प को डैमेज होने से बचाता है

मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से सिर्फ डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद ही नहीं मिलती है, बल्कि यह स्कैल्प को डैमेज होने से भी बचाता है। मुल्तानी मिट्टी को हेयर क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करने से स्कैल्प को क्लीन करने में मदद मिलती है और यह स्कैल्प पर मौजूद कीटाणुओं व बैक्टीरिया को खत्म किया जा सकता है।

## हेयर फॉलिकल्स होते हैं मजबूत

मुल्तानी मिट्टी में कई तरह के खनिजों और पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसके कारण यह ना केवल डैंड्रफ और परतदारपन को खत्म करके आपकी स्कैल्प को स्वस्थ बनाती है बल्कि यह बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के लिए आपके हेयर फॉलिकल्स को भी मजबूत बनाती है। अगर बालों के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जाए तो इससे बाल मजबूत होते हैं और अपेक्षाकृत कम टूटते हैं।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में वार्षिक उत्सव 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में वार्षिक उत्सव 'आजादी का अमृत महोत्सव' को बड़े ही निराले अंदाज में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि भारत लोकतंत्र को मजबूती देते हुए ज्ञान-विज्ञान को समृद्ध बना रहा है तथा धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए मंगल से चंद्रमा तक अपनी छाप छोड़ रहा है। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मती 'मीमांसा मलिक'(सीनियर जर्नलिस्ट) तथा डॉ उदिता त्यागी( इंडिपेंडेंट डायरेक्टर,रखशट गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ा दिया। आकर्षक ढंग से सजे विद्यालय परिसर में ' अतिथि देवो भवः' की परंपरा को निभाते हुए अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में छात्राओं ने कोरोना टीकाकरण अभियान में जन-जन की भागीदारी और विश्व पटल पर प्रशंसा का विषय बनते भारत को नृत्य के माध्यम से दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चलाए गए तिरंगा अभियान को बहुत उत्साह के साथ दिखाया और यह संदेश भी दिया कि हम सभी को मिलकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग देना है। छात्राओं ने जब अपने नृत्य और अभिनय के माध्यम से शिव के विभिन्न रूपों को दिखाया तब ऐसा लगा मानो विद्यालय परिसर ही काशी और उज्जैन बन गया हो, यह देखकर सभी भाव विभोर हो गए, जब छात्राओं ने रामकथा तथा राम मंदिर निर्माण को नृत्य के माध्यम से दिखाया तब विद्यालय का सारा प्रांगण 'जय श्रीराम' की आवाज से गूंज उठा। छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से दिखाया कि भारत ने किस प्रकार चंद्रयान को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जी-20 तथा भारत की तीव्रतम गति को दिखाती वंदे भारत ट्रेन का मंचन बहुत ही सुंदर ढंग से किया। छात्राओं ने राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से दिखाकर अनेकता में एकता का परिचय दिया। ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त गीत 'नाटू- नाटू 'ने दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम को मनोरंजक के साथ-साथ ज्ञानवर्धक बनाते हुए छात्राओं ने कम समय में सभी क्षेत्रों जैसे खेल, फैशन, ऑस्कर पुरस्कार,नारी सशक्तिकरण,ठएढ आदि को बड़े ही रोचक ढंग से दिखाया। मेरा देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है..... गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारा विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ रहा है तथा अपने ज्ञानवर्धक क्रियाकलापों से विद्यालय का नाम रोशन कर रहा है।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल (एमएलसी) उपस्थित रहे तथा उन्होंने सीबीएसई कक्षा-10 तथा कक्षा 12 की टॉपर्स छात्राओं को तथा उनके अभिभावकों को पुरस्कारों से सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया। साइंस, कॉमर्स और मानविकी स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं रूपाली गौर ,दीक्षा शाक्य ,तृप्ति पूरी को पुरस्कार स्वरुप लैपटॉप प्रदान किया गया।इन छात्राओं के अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह तथा शॉल से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 12 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं सलोनी कौशिक,पिहू श्रीवास्तव ,ज्ञानवी पांडे को पुरस्कार स्वरूप 25000/ की धनराशि ऋक्षक्रके रूप में प्रदान की गई। इसी क्रम में कक्षा 12 में तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाली छात्राओं भूमिका पांडेय ,भूमि कुमारी,स्नेहा कुमारी को पुरस्कार स्वरूप 15000/ की धनराशि ऋक्षक्रके रुप में प्रदान की गई।

कक्षा 10 की टॉपर 'तान्या अग्रवाल ' को पुरस्कार स्वरुप लैपटॉप प्रदान किया गया तथा उनके माता-पिता को स्मृति चिन्ह तथा शॉल से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 10 की अन्य छात्राओं जाह्नवी शुक्ला,रीतिका गुप्ता तथा हनी अरोरा को पुरस्कार स्वरुप 10000/रुपए की कीमत का मोबाइल फोन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्री मती पूनम शर्मा जी ने समारोह को सफल बनाने के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के मैनेजर अजय गोयल जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मेवाड़ में वोटर चेतना महाभियान कार्यक्रम आयोजित

## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और रैली के जरिये किया क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग की ओर से वोटर चेतना महाभियान के तहत वसुंधरा क्षेत्र में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज परिसर एवं आदर्श पार्क में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों और क्षेत्रीय नागरिकों से चुनावों में वोटर बनने और वोट अवश्य देने की अपील की। नाटक में बताया गया कि वोट देना हमारा मौलिक अधिकार है। इसे बड़ी गंभीरता से लेना होगा। क्योंकि देश का भविष्य हमारे वोट पर टिका है। लोकतंत्र में वोटर की महत्वपूर्ण भूमिका है।

जागरूकता रैली के दौरान विद्यार्थियों के हाथों में मतदान करने के लिए प्रेरणादायक नारे लिखे हुए थे। नाटक का संचालन डॉ. स्मृति लता सिन्हा और डॉ. सुषमा रानी ने किया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया और निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल इस मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

# शूटर शमशेर राणा ने भारत के युद्धबंदियों को रिहा करने हेतु सौंपा ज्ञापन

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता सेनानी स्वामी रामानन्द ट्रस्ट के अध्यक्ष शूटर शमशेर राणा ने को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया है। यह ज्ञापन विनय कुमार एसडीएम सदर ने ग्रहण किया।



शूटर शमशेर राणा ने कहा है कि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन जिन वीर सैनिकों के सम्मान में यह नाम दिया गया है। उनमें से कुछ सैनिक पड़ोसी देशों की जेल में बंद यातनाएं भुगत रहे हैं। जिनमें से अधिकतर पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं।

सन 1965 और 1971 में पाकिस्तान युद्ध और अन्य अभियान के दौरान भारतीय सैन्य सैनिकों और अधिकारियों को अपनी गिरफ्त में लिया था लेकिन शांति कायम होने के बाद भी ना तो उन्हें छोड़ा गया है और ना ही उन्हें छुड़ाने के लिए कोई ठोस कार्य वाही की गई है। इसके विपरीत करीब 92000 पाकिस्तानी सैनिक और अधिकारियों को भारत सरकार ने रिहा कर दिया था हालांकि पिछले वर्षों में भारतीय पायलट श्री अभिनंदन को युद्ध नीति के नियमों के तहत समय अवधि में छुड़वाया गया था। इसी तर्ज पर सभी युद्धबंदियों को पाकिस्तानी जेल से रिहा करवाने हेतु युद्ध स्तर पर कठोर एक्शन लिया जाना सुनिश्चित करने के आदेश पारित करने की कृपा करें।

# ग्राम खिंडौरा व मतौर में हुआ 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों में आई सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता







**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खिंडौरा में विधायक श्रीमती मंजू शिवाच व ग्राम मतौर में ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी मुख्य अतिथियों की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूकता आई है जिससे पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी। जिसमें किसान सुशील त्यागी व किसान फतेह सिंह ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ -' दिलहै हिन्दुस्तानी, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॅार्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

# सफाई कर्मचारी रखता है सभी के स्वास्थ्य का ख्याल: भगवत प्रसाद मकवाना





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना की अध्यक्षता में सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सदस्य ने समाज कल्याण अधिकारी से कैम्प के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति वाल्मिकी समाज में जागरूकता फैलाते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पटेल नगर और सेवा नगर में कैम्प का विशेष आयोजन किया जाए।

उन्होने जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सभी सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ और ईएसआई की सूची सफाई कर्मचारियों के संगठन को दें और साथ ही दीवार पर चस्पा करें ताकि लाभार्थियों को उनके ईपीएफ और ईएसआई नम्बर ज्ञात हो सकें और वे इसका लाभ उठा सके। उन्होने यूनियन के पदाधिकारियों से कहा कि वे सफाई कर्मचारियों की मद्द करने के लिए अधिकारियों के कार्य में सहयोग करें, ताकि समय से उनको लाभ मिल सके।

प्रदीप चौहान वाल्मिकी ने सफाई कर्मचारियों के आवास के लिए माननीय सदस्य से निवेदन किया। जिस पर माननीय सदस्य से सम्बंधित अधिकारियों को इस पर प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने के लिए कहा। संगठनों के पदाधिकारियों सतीश पार्चा, शक्ति सिंह जिनवल, राहुल चौहान वाल्मिकी, आजाद सिंह वाल्मिकी सहित अन्य ने बताया कि कई जगहों पर सरकार द्वारा निर्धारित वेतन सफाई कर्मचारियों को नहीं मिल पाता है।

जिस पर माननीय सदस्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसा कोई भी मामला आगे नहीं होना चाहिए, जिन लोगों को पूर्ण वेतन नहीं मिल रहा है।

उन्हें पूरा वेतन दिलाते हुए उनका ईएसआई और ईपीएफ भी कटवाया जाए ताकि उन्हें इन सुविधाओं का लाभ भी मिल सके साथ ही कम वेतन देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। सफाई कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए, सफाई कर्मचारी सभी के स्वास्थ्य का ख्याल रखता है।

भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी सफाई कर्मचारियों को योजनाओं का लाभ मिले और किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। माननीय सदस्य ने बैठक में आरटीओ, पुलिस विभाग और जिला पंचायत के अधिकारी की अनुस्थित रहने पर स्पष्टीकरण मांगा।

बैठक में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, अपर नगरायुक्त अरूण कुमार, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, एसडीएम सदर विनय सिंह, एलडीएम हिमांशू शेखर तिवारी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं, मौके पर शिकायतकर्ता महिला को शेष मुआवजा दिलाने के दिए आदेश

## जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण किया जाएं निस्तारण: जिलाधिकारी



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बुधवार के दिन कलेक्ट्रेट पर जनसुनवाई के लिए शिकायतकताओं का जमावाड़ा लग गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने महात्मा गांधी सभागार में सभी लोगों की क्रमवार तरीके से शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग, नगर निगम, बैंक,डीए सहित अन्य विभागों से सम्बंधित समस्याओं को लेकर प्रार्थियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिए। जिलाधिकारी के समक्ष कुछ लोगों द्वाराडीए, नगर निगम सहित अन्य विभागों की जमीन के मामले भी आएं, जिलाधिकारी ने मौके पर ही नगर निगम को कब्जे के मामले से अवगत कराया तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों के जमीन पर कब्जे के मामले पर आदेश दिये कि यथाशीघ्र ही जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। एक ग्राम के नाम बदलने के लिए एक अपील आई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नाम परिवर्तन हेतु होने वाली सभी आवश्यक कार्यवाही को पूर्ण करने के पश्चात सम्बंधित अधिकारियों से सम्पर्क करें। वहीं एक महिला द्वारा शिकायत की गई कि उनकी जमीन का पूर्व में मुआवजा मिल चुका हैं और अब सरकार द्वारा मुआवजा बढ़ाया, जो कि उन्हें नहीं मिल रहा हैं।

जिलाधिकारी ने गरीब महिला की गुहार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एमडीएम एल0ए0 एवं सम्बंधित अधिकारी को बुलाया और मुआवजा ना देने का कारण पूछा, जिलाधिकारी ने कहा कि जब इनके कागजों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है तो इन्हें मुआवजा दिया जाए। उन्होने कहा कि महिला को त्वरित कार्यवाही करते हुए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सैकड़ों लोगों की शिकायतीपत्र देखते हुए सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत ने लगाया चतुर्थ ब्लड डोनेशन कैंप



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाजियाबाद अनंत के मीडिया प्रभारी रो. संदीप सिंघल ने बताया कि अध्यक्ष रो.अभिषेक जिंदल, रो. स्वाति जिंदल,सचिव रो. अंशुल गर्ग,प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. दिनेश मित्तल, क्लब ट्रेनर रो.विनीत जैन, पूर्व अध्यक्ष रो.सतीश मित्तल के नेतृत्व में क्लब ने इस रोटरी वर्ष का चतुर्थ ब्लड डोनेशन कैंप तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी मेमोरियल डिग्री कॉलेजस रावली रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद में लगाया। ब्लड डोनेशन के लिए विद्यार्थियों में बहुत उत्साह दिखाई दिया,लेकिन कुछ कारणो की वजह से करीब 100 विद्यार्थी रक्तदान नहीं कर सके। रोटरी ब्लड बैंक, नोएडा के सहयोग से 68 यूनिट ब्लड एकत्रित की गई। रोटरी अध्यक्ष अभिषेक जिंदल व उपस्थित सदस्यों ने कॉलेज प्रशासन, रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों, टीम ब्लड बैंक नोएडा और क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कैंप का समापन किया।

# सीडीओ अभिनव गोपाल ने किया स्वैच्छिक संगठनों का निरीक्षण



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा 'मिशन वात्सलय योजना' के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग से पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित उदय खुला बाल आश्रय गृह गांधी नगर, घरौंदा बाल आश्रम एवं घरौंदा विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी, विष्णु एनक्लेव, गोविंदपुरम का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चो के भरण पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने हेतु दिए दिशा निर्देश दिए। साथ ही घरौंदा बाल आश्रम में आवासित बच्चो का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी आवासित बच्चो का मैडिकल हेल्थ चेकअप नियमित रूप से कराया जाए, पोष्टिक आहार दिया जाए साथ ही सभी बच्चो की नियमित शिक्षा हेतु विद्यालयों में पंजिकरण कराया जाना एवम सभी बच्चो का आधार कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के समय मनोज कुमार पुष्कर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती कनिका गौतम एवम प्रदीप अवस्थी संस्था प्रभारी उपस्थित रहे।

# पांच लाभार्थियों को खेलो इंडिया के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र एवं चाबी उपलब्ध कराई गई





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शम्भु दयाल डिग्री कॉलिज०टी० रोड गाजियाबाद एवँ एम०एम०एच० कॉलिज गाजियाबाद में प्रातः 10.00 बजे से किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अतुल गर्ग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा महिला मौर्चा श्रीमती मोनिका पंडिता, अरूण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पी०एम० स्वनिधि योजना के 05 लाभार्थियो को, खेलो इंडिया के तहत 05 लाभार्थियो को तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 05 लाभार्थियो को प्रमाण पत्र एवं चाबी उपलब्ध करायी गई एवं उज्जवल योजना के अन्तर्गत 05 व्यक्तियो को नये कनैक्शन देकर लाभान्वित किया गया।

उक्त कार्यकम मे 715 लाभार्थियो द्वारा प्रतिभाग कर भारत सरकार की योजनाओ का लाभ प्राप्त किया गया। इस कार्यकम मे अतुल गर्ग विधायक विधानसभा गाजियाबाद, पूर्व मुरादनगर अध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा महिला मौर्चा श्रीमती मोनिका पंडिता, अरूण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद, जोनल अधिकारी सिटी जोन, पार्षद, शहर मिशन प्रबन्धक श्रीमती भानूप्रिया सारस्वत एवं सामुदायिक आयोजक डूडा आदि भी उपस्थित रहे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.